कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2016/2325

लखनऊः दिनांक 30 अगस्त 2016

ऑल इण्डिया डी0एम0/एम0सी0एच0–2016 के अन्तर्गत एम0सी0एच0 (सी0वी0टी0एस0) पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर आवंटन

- डी0एम0/एम0सी0एच0 प्रवेश परीक्षा 2016 के अन्तर्गत महानिदेशालय स्तर पर आयोजित 02 काउंसिलिंग दिनांक 26.7.2016 तथा दिनांक 22.8.2016 के आयोजन के उपरान्त भी हृदय रोग संस्थान, कानपुर की एम0सी0एच0 (सी0वी0टी0एस0) पाठ्यक्रम की 01 सीट पर आवंटन हेतु कोई भी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने के कारण संस्थान की 01 सीट रिक्त है, तथा उक्त पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 31 अगस्त 2016 तक समस्त प्रवेश प्रकिया पूर्ण की जानी है।
- अतः यदि यह 01 रिक्त सीट द्वितीय विस्तारित काउंसिलिंग दिनांक 31.8.2016 के माध्यम से अखिल भारतीय डी0एम0/एम0सी0एच0 2016 के अर्ह अभ्यर्थियों से नहीं भरी जा पाती है तो उसे राजकीय मेडिकल कालेजों के जनरल सर्जरी विभाग के लेक्चरर तथा प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के एम0एस0 जनरल सर्जरी उपाधिधारक चिकित्साधिकारियों से भरे जाने का निर्णय लिया गया है। आवंटन हेतु अभ्यर्थियों की वरीयता का निर्धारण उनके एम0बी0बी0एस0 के प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा, प्रतिशत समान होने की दशा में कम आयु के अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी, आयु समान होने की स्थिति में एम0एस0 सामान्य सर्जरी के प्राप्तांक के आधार पर वरीयता का निर्णय किया जायेगा।
- उक्त सीटों पर प्रवेश हेतु इच्छुक अखिल भारतीय डी0एम0/एम0सी0एच0 2016 के अर्ह अभ्यर्थियों, राजकीय मेडिकल कालेजों के एम0एस0 जनरल सर्जरी उपाधि प्राप्त इच्छुक चिकित्सा शिक्षक तथा पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के इच्छुक चिकित्साधिकारी अपने आवेदन पत्र एवं समस्त प्रमाण पत्रों सहित चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ में दिनांक 31.8.2016 को पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित आवंटन की कार्यवाही में उपस्थित होने का कष्ट करें।
- उक्त पाठ्यकम में आवंटन की कार्यवाही में सम्मिलित होने के लिए सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 30,000/– तथा रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में रू0 1000/– का बैंक ड्राफ्ट जो कि महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में देय हो प्रस्तुत करना होगा।
- इस सुविधा के अन्तर्गत् प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चिकित्सा शिक्षा विभाग/पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के अभ्यर्थियों से पॉच वर्ष तक राजकीय सेवा करने का बाण्ड भराया जाएगा।
- अद्यतन सूचना विभाग की वेबसाइट www.updgme.in पर प्रदर्शित रहेगी।

(वी0एन0त्रिपाठी)
महानिदेशक

संख्याः–एमई–3/2016/2336–40 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2.

2– निदेशक, हृदय रोग संस्थान, कानपुर।

3–प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, झॉसी, गोरखपुर अम्बेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन एवं सहारनपुर को सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वह इस सूचना को अपने मेडिकल कालेज की नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।

4– महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0, लखनऊ को, उपरोक्त सूचना को उनके अधीनस्थ पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के चिकित्साधिकारियों के सूचनार्थ प्रसारण हेतु।

5. मे0 एम0एम0 एडवरटाइजिंग लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण के लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर तथा झॉसी संस्करण में, अमर उजाला के आगरा, मेरठ, बरेली, मेरठ तथा मुरादाबाद संस्करण में, दैनिक हिन्दुस्तान (हिन्दी) के इलाहाबाद, वाराणसी संस्करण में तथा टाईम्स आफ इण्डिया, के लखनऊ संस्करणों में सूक्ष्म अक्षरों, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर दिनांक 31.8.2016 को निश्चित रूप से प्रकाशित करने का कष्ट करें एवं प्रकाशनोपरान्त सम्बन्धित प्रतियों का बिल तीन प्रति में भुगतान हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध करायें।

(वी0एन0त्रिपाठी)
महानिदेशक